वसंत महोत्सव 2025

दिनांक 01/02/2025 को बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में हिन्दी विभाग, संस्कृत विभाग एवं संगीत विभाग के संयुक्त तत्वाधान में **"वसंत महोत्सव 2025"** का सफलतापूर्वक आयोजन किया, जिसमें सरस्वती मां की आराधना के साथ तीनों विभागों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से ऋतुराज बंसत का अभिनन्दन किया गया। सर्वप्रथम संस्कृत विभाग की प्राध्यापिका डॉ. कल्पना आर्य ने सभागार में उपस्थित अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर आदरणीय प्राचार्या प्रो. सविता रॉय ने बसंत का महत्व प्रतिपादित करते हुए सभी पर मां सरस्वती का आशीर्वाद बना रहे ऐसी मंगलकामना की। कार्यक्रम के अंत में हिन्दी विभाग की प्रभारी डॉ. ज्योति शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। तदुपरांत मां सरस्वती की आरती एवं प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन 'बसंत तुम पुन: आना कहकर' किया गया।